INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: X	**Department: Hindi**	**Date – 03-05-2020**
Worksheet No: 3 (Answers)	**Topic: व्याकरण – पदबंध (उत्तर)**	**Note: Pl. file in portfolio**

नाम: ___________________________अनुभाग: _____अनुक्रमांक: _____दिनांक: _____________

प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए: **उत्तर**

(क) **हवाई किले बनाने वाले युवक** सच्चाई से अनभिज्ञ रहते हैं। **संज्ञा पदबंध**

(ख) कबूतर का अंडा माँ के **हाथ से गिरकर** टूट गया। **क्रियाविशेषण पदबंध**

(ग) **प्रयोगशाला में रखे हुए** रसायनों का प्रयोग सावधानी से करना चाहिए। **विशेषण पदबंध**

(घ) अध्यापक के कक्षा में न आने तक छात्र **शोर मचाए जा रहे थे**। **क्रिया पदबंध**

(ङ) **सबको मूर्ख बनाने वाले हम** ख़ुद अपने जाल में फँस गए। **सर्वनाम पदबंध**

(च) सेवक अपने मालिक की **मदद कर दिया करता था**। **क्रिया पदबंध**

(छ) **प्राणों की बाज़ी लगाने वाले** देशभक्त इतिहास में प्रसिद्ध हो गए। **विशेषण पदबंध**

(ज) **श्रवणकुमार के पिता** का वध तीर से हुआ। **संज्ञा पदबंध**

(झ) **बाढ़ से पीड़ित वह** भोजन के लिए तरस रहा है। **सर्वनाम पदबंध**

(ञ) आजकल बच्चे **गाना सुनते-सुनते** पढ़ाई करते हैं। **क्रियाविशेषण पदबंध**

(ट) **नेहरूकट शेरवानी** उसे बहुत पसंद है। **संज्ञा पदबंध**

(ठ) **शेर की तरह दहाड़ने वाले तुम** अब शांत क्यों हो गए ? **सर्वनाम पदबंध**

(ड) **खंभे के तार में अटकी हुई** पतंग नीचे आ गिरी। **विशेषण पदबंध**

(ढ) नाव पानी में **डूबती चली गई**। **क्रिया पदबंध**

(ण) उस गायक ने **पहले से बहुत अच्छा** गाया। **क्रियाविशेषण पदबंध**

(त) वह **प्रतिदिन की तरह** सैर कर रहा है। **क्रियाविशेषण पदबंध**

(थ) **<u>दरवाज़े पर खड़ा कोई</u>** हमारी बात सुन रहा है । **सर्वनाम पदबंध**

(द) **<u>जनता को लूटने वाले वे</u>** घर में छिपे बैठे हैं । **सर्वनाम पदबंध**

(ध) बच्चे मैदान में **<u>खेल रहे हैं</u>** । **क्रिया पदबंध**

(न) सिपाही किले के चारों ओर **<u>दौड़ लगाता रहता है</u>** । **क्रिया पदबंध**

(प) आकाश में बादलों को देखकर मोर **<u>झूमने-नाचने लगा</u>** । **क्रिया पदबंध**

(फ) **<u>तुम्हारी उलटी-सीधी हरकतें</u>** किसी को पसंद नहीं हैं । **संज्ञा पदबंध**

(ब) **<u>केरल से मँगाए गए केले के चिप्स</u>** बहुत स्वादिष्ट हैं । **संज्ञा पदबंध**

(भ) **<u>कोने में रखी अलमारी</u>** में बहुत सारे नए कपड़े हैं । **संज्ञा पदबंध**

(म) **<u>विचारों में डूबे हुए</u>** व्यक्ति को समय का पता ही नहीं चला । **विशेषण पदबंध**

(य) **<u>पेड़ पर बैठी</u>** चिड़िया उड़ गई । **विशेषण पदबंध**

(र) इस महामारी में सब **<u>अपने परिवार वालों के साथ</u>** रह रहे हैं । **क्रियाविशेषण पदबंध**

(ल) **<u>लकड़ी के इस बड़े संदूक</u>** में किताबें हैं । **संज्ञा पदबंध**

(व) **<u>रोज़ वक़्त पर आने वाले आप</u>** आज लेट कैसे हो गए ? **सर्वनाम पदबंध**

(श) ऋषि कपूर ने सभी फ़िल्मों में **<u>बड़े उत्साहपूर्वक</u>** काम किया । **क्रियाविशेषण पदबंध**

(ष) **<u>मुसीबत में काम आने वाला</u>** मित्र ही सच्चा मित्र होता है । **विशेषण पदबंध**

(स) नदी **<u>कलकल करती हुई</u>** बह रही है । **क्रियाविशेषण पदबंध**

(ह) **<u>विदेश से आए मेहमानों में से कुछ</u>** शाकाहारी हैं । **सर्वनाम पदबंध**

(क्ष) मैं कभी-कभी धार्मिक स्थानों पर **<u>चला जाया करता हूँ</u>** । **क्रिया पदबंध**

(त्र) **<u>परिश्रम करने वाले</u>** छात्र अवश्य सफल होते हैं । **विशेषण पदबंध**

(ज्ञ) रेस का घोड़ा **<u>बहुत तेज़ी से</u>** दौड़ा । **क्रियाविशेषण पदबंध**

(श्र) **<u>सड़क के किनारे लगा</u>** वृक्ष आँधी आने पर गिर पड़ा । **विशेषण पदबंध**